No. of Printed Pages : 4

बी.एस.के.एफ.-001

01634

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2016

बी.एस.के.एफ.-001 : संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

---

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं ***चार*** को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

उतसुक, आबरण, पाणिनी, जिहवा, एश्वर्यशाली, आर्शीवाद ।

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से किसी ***एक*** को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 2

(अ) अधुना भवन्तः सर्वे भोजनं __________ ।
(कुर्वन्तु, कुरु)

(ब) आवां __________ दूरं गच्छावः ।
(गृहेण, गृहात्)

(स) त्वं पुस्तकं __________ गच्छसि ।
(विहाय, विहत्वा)

(द) यस्य स्मरणमात्रेण जन्मसंसारबन्धनात् _____ ।
(विमुच्यति, विमुच्यते)

2\. (क) निम्नलिखित शब्दों के निर्दिष्ट रूप लिखिए : 2

(अ) इदम् (पुंलिंग) : षष्ठी विभक्ति, एकवचन

(ब) द्वि (स्त्रीलिंग) : तृतीया विभक्ति, द्विवचन

(स) मनस् (नपुंसकलिंग) : पञ्चमी विभक्ति, बहुवचन

(द) मातृ (स्त्रीलिंग) : सप्तमी विभक्ति, एकवचन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* धातुरूपों में धातु, लकार, पुरुष एवं वचन का निर्देश कीजिए : 2

अगायताम्, याचिष्ये, क्रीडिष्यन्ति, सन्ति ।

3\. निम्नलिखित पदों में धातु एवं प्रत्यय को अलग करके दिखलाइए : 4

कर्त्तव्यः, आसीनः, छिन्नः, गच्छन् ।

4\. कर्तृवाच्य के निम्नलिखित प्रयोगों को कर्मवाच्य में प्रयोग कीजिए : 4

(क) देवदत्तः क्षीरौदनं खादति ।

(ख) लिपिकः पत्रं लिखति ।

(ग) जया रोटिकां पचति ।

(घ) कृषकाः धान्यम् आनयन्ति ।

5\. (क) निम्नलिखित पदों में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 2

पावकः, बालो नमति, स्वागतम्, हितोपदेशः ।

(ख) निम्नलिखित वर्णों के उच्चारण-स्थान लिखिए : 2

ऋ, म्, श्, ख् ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** विषयों पर लगभग 100 – 150 शब्दों में आलेख लिखिए : 8

(क) गद्यकवि बाणभट्ट

(ख) प्रतिमानाटक का सार

(ग) भर्तृहरि

(घ) कठोपनिषद् में नचिकेता द्वारा माँगे गए तीन वर

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : 8

(क) वेदानां महत्त्वम्

(ख) मम प्रियं पुस्तकम्

(ग) विद्या ददाति विनयम्

(घ) 2014 तमे ख्रीस्ताब्दे लोकसभायाः निर्वाचनम्

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4

अतिथिः सर्वभूतानामग्निः सोमो गवाममृतम् ।
सनातनोऽमृतो धर्मो वायुः सर्वमिदं जगत् ।।

(क) समस्त प्राणियों का अतिथि कौन है ?

(ख) सनातन धर्म क्या है ?

(ग) कौन-सा पदार्थ अमृत है ?

(घ) सम्पूर्ण जगत् क्या है ?

9. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *4*

(क) अद्य प्रभृत्यवनताङ्गि तवास्मि दासः

क्रीतस्तपोभिरिति वादिनि चन्द्रमौलौ ।

अह्नाय सा नियमजं क्लममुत्ससर्ज

क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते ।।

(ख) काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।

सद्यः परनिवृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ।।

(ग) इह खलु सम्वत्सरं षडङ्गमृतुविभागेन विद्यात् । तत्रादित्यस्योद्‌गमनमादानं च त्रीनृतूञ्छिशिरादीन् ग्रीष्मान्तात् व्यवस्येत्, वर्षादीन् पुनर्हेमन्तान्ताद् दक्षिणायनं विसर्गं च ।।

10. निम्न बातों को आधार में रखकर संस्कृत में समाचार लिखिए : *6*

घटना — लोकसभा के चुनाव अभियान में विभिन्न दलों ने प्रचार किया ।

क्या हुआ — सभी ने अपने घोषणा पत्र जारी किए और दूसरे दलों से अपने को अच्छा बताया ।

कब हुआ — अप्रैल मास में

स्थान — दिल्ली

अथवा

साहित्यिक अनुवाद करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है, किन्हीं पाँच बातों का उल्लेख कीजिए ।